पर दी जा रही राज सहायता में प्रस्तावित 40 प्रतिशत की कटौती वापस ले ली है;

(ख) क्या यह भी सच है कि बड़े किसानों के लिए यह कटौती घटाकर 30 प्रतिशत कर दी गई है ;

(ग) यदि हां, तो क्या विभाग ने इन प्रस्तावों के कार्यान्वयन हेतु कोई उपाय सुझाए हैं, कोई नीति बनाई है; और

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिन्ता मोहन) : (क) और (ख) सरकार ने उर्वरकों के मूल्य में औसतन 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की थी जो 25-7-91 से लागू हुई । तत्पश्चात् पहले के 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी के स्थान पर बढ़ोतरी को औसतन 30 प्रतिशत तक कम करने का निर्णय लिया गया । ये संशोधित मूल्य 14-8-91 से लागू हुए । ऐसा करते हुए सरकार ने यह भी निर्णय लिया कि छोटे और सीमान्त किसानों का मूल्य वृद्धि के प्रभाव से मुक्त रखा जायेगा और उन्हें 25-7-91 से पहले के मूल्य पर उर्वरकों की आपूर्ति की जायेगी ।

(ग) और (घ) भारत सरकार ने राज्य सरकारों के परामर्श से दिशा निर्देश तैयार किये हैं जिसके अनुसार राज्य सरकारों/केन्द्र शासित प्रदेशों को योजनायें बनाने का सुझाव दिया गया है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे और सामान्त किसान 25-7-91 के पहले के मूल्य पर उर्वरक प्राप्त करें । इन दिशा/निर्देशों को राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को जारी कर दिया गया है जो उपयुक्त योजनाओं को बनाने और क्रियान्वित करने की प्रक्रिया में है ।

सस्ती दरों पर उर्वरकों की उपलब्धता

569. सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार छोटे तथा सीमांत किसानों को सस्ते पर उर्वरक उपलब्ध कराने का निर्ण किया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या केन्द्र शा प्रदेशों तथा पंजाब के किसानों को स दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराने के कोई व्यवस्था की गई है ; और

(ग) यदि हां, तो इन विक्रय के पर सस्ती दरों पर बेचे जाने के उर्वरकों की कुल कितनी वार्षिक भ भेजे जाने की योजना है ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में र मंत्री (श्री चिन्ता मोहन) (से (ग) राज्य सरकारों को सलाह गई है कि वे एक ऐसी योजना बन जिसके अनुसार छोटे और सीमान्तर किसानों को उर्वरकों में अद्यतन वृ छूट दी जाएगी । इस योजना के नि पोषण के लिए 405 करोड़ रुपये राशि अलग रखी गई है और उसे रा को आवंटित किया गया है । इसमें पंजाब को 9.016 करोड़ रुपये आवं किये गये हैं ।

Indigenisation in IAF

570. KUMARI ALIA:
SHRI KAPIL VERMA:
SHRIMATI VEENA VERMA:

Will the Minister of DEFENCE pleased to state:

(a) whether Government have seen Press interview in which the former Chief Marshal S. K. Mehra asserted t if we do not commit ourselves to ind nisation, the Indian Air Force wo cease to exist after the turn of centu if so, what is Government's reaction the to; and

(b) what are Government's plans indigenisation in Indian Air Force the progress made in this field so far

THE MINISTER OF DEFEN (SHRI SHARAD PAWAR): (a) (b) A statement is enclosed.